झारखण्ड सरकार

कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

E-mail : dfobokarodivision@rediffmail.com *Phone no : +91-6542-265142*

पत्रांक :– दिनांक :–

सेवा में,

वन संरक्षक,
बोकारो अंचल, बोकारो।

विषय : रजरप्पा खुली खदान परियोजना हेतु 277.15 हे0 वनभूमि के अपयोजन से सम्बन्धित प्रस्ताव समर्पित करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक रजरप्पा खुली खदान परियोजना से सम्बन्धित 277.15 हे0 वनभूमि (98.69 हे0 सुरक्षित वनभूमि एवं 178.46 हे0 सरकारी अभिलेखों में जंगल–झाड़ी के रूप में दर्ज भूमि) का अपयोजन के प्रस्ताव को विहित प्रपत्र के **Part-I** में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा भरकर समर्पित किया गया था। इस क्रम में उपायुक्त, बोकारो से वांछित प्रमाण पत्र आदि प्राप्त हो जाने के पश्चात् विहित प्रपत्र का **Part-II** इस पत्र के साथ भरकर संलग्न प्रेषित है।

परियोजना में निहित 178.46 हे0 गैर मजरूआ जंगल–झाड़ी भूमि के सम्बन्ध में अपयोजन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र उपायुक्त, बोकारो के ज्ञापांक 1362 दिनांक 21 दिसम्बर, 2002 द्वारा प्राप्त है, जिसकी छायाप्रति प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित **Part-I** के अनुलग्नक–8 पर दृष्टव्य है। दिनांक 16.02.2013 को आयोजित जिला वनाधिकार समिति बोकारो की बैठक में परियोजना में निहित वनभूमि के सन्दर्भ में वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, बोकारो के पत्रांक 90/क0 दिनांक 16.02.2013 द्वारा अनापत्ति प्राप्त है, जो जिला कल्याण पदाधिकारी, बोकारो के कार्यालय ज्ञापांक **XXI–21/2011/–95/**क0, बोकारो दिनांक 19.02.2013 द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। वनाधिकारी अधिनियम, 2006 द्वारा प्राप्त अनापत्ति **पत्र की 8 (आठ) प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न है।**

भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र के **Part-II** में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आवश्यक प्रविष्टि करते हुए मन्तव्य के साथ **प्रस्ताव की 8 (आठ) प्रतियाँ** इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।
अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो

ज्ञापांक : दिनांक :
प्रतिलिपि : क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो

ज्ञापांक : 664 दिनांक : 25.03.2013
प्रतिलिपि : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

22/3
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो